राजनीति | भाजपा की मासिक बैठक में शामिल हुए संभाग प्रभारी, जिले के प्रभारी मंत्री, जिला अध्यक्ष और संगठन प्रभारी

# जिम्मेदारियों को समझने का अवसर है प्रशिक्षण वर्ग



**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला बैठक आज जिला कार्यालय में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिले के प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, जिला प्रभारी सुजीत जैन, विधायक संजय पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा के आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां भारती, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ किया गया। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और 16, 17 मई को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक दायित्वों के प्रति सजग रहकर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कहा। बैठक में प्रदेश महामंत्री और संभाग प्रभारी राहुल कोठारी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति पूरी सजगता के साथ कार्य करता है। मासिक जिला बैठकों के माध्यम से संगठन अपने कार्यों का मूल्यांकन करता है, वहीं प्रशिक्षण वर्ग समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करना चाहिए। कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और मेहनत का संगठन सदैव सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से लगातार नवाचार किए हैं, ताकि जनता अपनी बात आसानी से जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा सके। उन्होंने पार्टी की विजय पर कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी। जिले के प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन हित को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा को अपना ध्येय बनाने के लिए कहा। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता निभाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, जबलपुर महानगर जिला उपाध्यक्ष प्रणीत वर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री राकेश परस्ते, प्रदेश उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह सहित पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कटनी पहुंचने पर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी सुजीत जैन का बजरंगनगर में जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा ने जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री सुखदेव चौधरी ने किया।




# चिन्हित करें वारदात स्थल, वेंडरों पर रखें नजर

**एसपी ने की रेलवे अधिकारियों के साथ यात्री सुरक्षा पर चर्चा**

**नवभारत, कटनी।** रेल यात्रियों की सुरक्षा के पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने रेलवे अधिकारियों, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रेलवे स्टेशन आउटरो और रेल लाइनो के आसपास शैडो क्षेत्र सहित ऐसे स्थानों पर चर्चा की गई, जहां पर बार-बार अपराधिक घटनाएं हो रहीं हैं। बैठक में एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए रोड मैप बनाने, जिला पुलिस द्वारा पूरा सहयोग करने की बात कही। बैठक के दौरान घटना की प्रकृति, घटना स्थल, वारदात को अंजाम देने का समय का डाटा संग्रहण करने पर जोर दिया। यात्री ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों का आपराधिक रिकॉर्ड और पुलिस सत्यापन कराने लिए कहा गया। बैठक में यह भी कहा गया कि चोरी की संपत्ति को खरीदने वालों की भी जानकारी जुटाई जाए। साथ ही अपराध वाले चिन्हित स्थानों पर नाकाबंदी की जाए। एसपी ने रेलवे यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर139 पर की गई शिकायतों का डाटा संग्रहण कर अपराधियों की जानकारी जुटाने के लिए कहा गया। एसपी ने कहा की वारदातों पर अंकुश लगाने सभी पुलिस एजेंसी मिलकर काम करें। कार्रवाई की प्रतिमाह बैठक कर समीक्षा करें। बैठक में जीआरपी के एएसपी, डीएसपी जीआरपी विजय गठौरिया, आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, कोतवाली टीआई राखी पांडे, कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, सहित अन्य थाना प्रभारियों की मौजूदगी रही।

## एक नजर में

### माधवनगर क्षेत्र में आज होगा राहगीरी डे का आयोजन

**नवभारत, कटनी।** शहरवासियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा इस आज रविवार को माधव नगर क्षेत्र में राहगीरी डे का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक ग्राम पंचायत चौराहा से बाबा माधव शाह हॉस्पिटल मार्ग तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शहर में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और जनभागीदारी का संदेश देगा। सुबह की ताजगी भरी फिजाओं के बीच आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता का उत्सव बनेगा, जहां हर आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक सहभागी बन सकेंगे। राहगीरी डे के दौरान योग, जुंबा, साइकिलिंग, रस्साकशी, स्केटिंग, पेंटिंग, पारंपरिक खेलकूद, हॉर्स राइडिंग और संगीत, जैसी गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिर्फ फिटनेस गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को यह संदेश देना भी है कि स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ दिनचर्या एक बेहतर समाज की आधारशिला है। आयोजन स्थल पर स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी और नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने हेतु प्रेरित किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि 'राहगीरी डे' के माध्यम से नागरिकों को यह अनुभव कराने का प्रयास है कि यदि शहर की सड़कें स्वच्छ, सुरक्षित और सक्रिय गतिविधियों से जुड़ी हों, तो वे केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और स्वस्थ जीवन का केंद्र बन सकती हैं। इस आयोजन के माध्यम से 'चलो सड़कों पर स्वास्थ्य अपनाएं, स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं' की भावना को साकार किया जाएगा। बच्चे, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन सभी इस आयोजन में सहभागिता कर स्वच्छ, स्वस्थ कटनी के संकल्प को मजबूत किया जाएगा।

# यात्री सुरक्षा और सुविधा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**पश्चिम मध्य रेलवे के जीएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार को कटनी रेलवे स्टेशन और एनकेजे क्षेत्र का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जीएम अपनी स्पेशल ट्रेन से कटनी पहुंचे और डीजल शेड, इलेक्ट्रिक लोको शेड के साथ-साथ आरओएच डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने इंजनों के रखरखाव की तकनीक देखी और कर्मचारियों को पूरी सावधानी से काम करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर हो रहे आधुनिकीकरण और ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट की प्रगति भी जानी। निरीक्षण के दौरान जीएम ने सिर्फ स्टेशन ही नहीं, बल्कि रेलवे ट्रैक, पुलों और ओवरहेड बिजली लाइनों की भी तकनीकी जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेलवे की साख उसकी तकनीकी मजबूती पर टिकी है, इसलिए मरम्मत और रखरखाव में किसी भी तरह का समझौता नहीं करें। इस दौरान जेडआरयूसीसी सदस्य केशव मोहनानी ने जीएम से मुलाकात की और जिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है उनके स्टॉपेज की मांग की।

# बीएसएनएल की केबल विस्तार से जंगल में प्राकृतिक संपदा को हो रहा नुकसान

**ढीमरखेड़ा क्षेत्र के जंगलों में उखाड़े जा रहे पेड़**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** राज्य वन विकास निगम के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में बीएसएनएल द्वारा नेटवर्क विस्तार के लिए बिछाई जा रही केबल लाइन से प्राकृतिक संपदा को नुकसान हो रहा है। दादर सिहुडी से महंगवा तक नेटवर्क केबल डालने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए जंगल के बीचों-बीच से जेसीबी जैसी भारी मशीनों द्वारा गहरी नाली खोदी जा रही है। लापरवाही की हद यह है कि लाइन के रास्ते में आने वाले सालों पुराने फलदार और छायादार पेड़ों को बचाने के बजाय, उन्हें मशीनों से सीधा जड़ से उखाड़ फेंका जा रहा है। जिस वृक्ष को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, उन्हें चंद मिनटों की खुदाई में धराशायी किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जंगल के अंदर मशीनों से इतनी बड़ी खुदाई हो रही है और वन विभाग के मैदानी अमले को इसकी भनक तक नहीं लगी। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब या तो विभागीय लापरवाही का नतीजा है या फिर इसमें अधिकारियों की मौन सहमति है। वन्यजीवों और वन संपदा की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाला विभाग आखिर इस विनाश को नजरअंदाज कैसे कर सकता है। इस मामले में राज्य वन विकास निगम के रेंजर सैय्यद जुनैद ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं था। आपके माध्यम से जानकारी मिली है, मैं तत्काल टीम भेजकर इसकी जांच करवाता हूं और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आपसी सहमति से कराया निराकरण, 42 प्रकरणों का हुआ निपटारा

**तहसील न्यायालय में हुआ लोक अदालत का आयोजन**




**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और पौधारोपण के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा की न्यायाधीश श्रीमती पूर्वी तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। नेशनल लोक अदालत के दौरान विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। घरेलू हिंसा से संबंधित 11 प्रकरण, परिवाद के 9 प्रकरण, आपराधिक मामलों के 22 प्रकरणों सहित 42 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने उपस्थित पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण जीवन जीने, विवादों से दूर रहने और आपसी समझदारी से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पक्षकारों को पौधे भेंट किए गए और उनके सुखद, उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण, विवादमुक्त जीवन अपनाने का संदेश भी दिया गया। नेशनल लोक अदालत के इस आयोजन से न्यायालय परिसर में सकारात्मक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने तत्काल और सरल न्याय व्यवस्था प्रक्रिया की सराहना की गई।

# विकास के लिए निगरानी और बेहतर प्लानिंग महत्वपूर्ण




**प्रभारी ने मंत्री ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** प्रदेश के परिवहन, स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि खनिज आधारित उद्योगों के विकास के नजरिए से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में कटनी में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव मील का पत्थर साबित हो रही है। यहां की प्रचुर खनिज संपदा को देखते हुए खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार पर और अधिक फोकस होकर काम करने की आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास, निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग और प्लानिंग के साथ किए गए प्रयास विकास में महती भूमिका निभाते हैं। इसलिए जिले के समग्र विकास के लिए सभी लोग समन्वित प्रयास करें। शिक्षा, समाज सेवा, उद्योग आदि अनेक क्षेत्रों के लोग इस समिति में सदस्य के तौर पर शामिल है। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि जब तक ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजना का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक ग्राम पंचायतों को योजना का हस्तांतरण न किया जाए। नल-जल योजनाओं के ठेकेदारों द्वारा खोदी गई सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य पूरा करने के बाद ही ग्राम पंचायतों को योजना हस्तांतरित की जाए। बैठक में विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने सुझाव दिया कि शहरी क्षेत्र की ऐसी खदानें जहां बारह माह जल रहता है उन खदानों को बंद नहीं किया जाए, बल्कि गर्मियों के मौसम में खदानों में उपलब्ध जल का उपयोग नगर की जलापूर्ति और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी से जल संचय के 9 हजार से अधिक कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें लगभग 6600 कार्य पूरे हो गए हैं। जबकि लगभग 2500 कार्य प्रगतिरत है। वहीं अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के निर्माण, पुराने जलस्त्रोतों की मरम्मत से संबंधित 3 हजार से अधिक कार्य पूरे हो गए हैं। जबकि लगभग 1100 कार्य प्रगतिरत है। इन्हें 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने नगर निगम के ठेकेदारों और माईनिंग व्यवसायियों से नदी सफाई जैसे जलसंरक्षण के पुनीत कार्य के लिए जनसहयोग लेने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने बताया कि कटनी नदी सहित अन्य जल संरचनाओं का सीमांकन कराया जाएगा। हॉर्टीकल्चर विभाग द्वारा भी पानी चौपाल आयोजित कर किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जन अभियान परिषद द्वारा बोरीबंधान, नदी और तालाबों के घाटों की साफ-सफाई, दीवार लेखन कार्य किए जा रहें हैं। साथ ही इन कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को 35 लाख श्रम दिवस का कार्य दिया गया। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3.5 प्रतिशत बेहतर रहा है। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि जिले में मानकों का पालन नहीं करने वाली निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही शासकीय स्कूलों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री की मंशानुसार भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले ने समय से पूर्व ही सौ फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। जिले में चिन्हित 244 ग्रामों में हैंड होल्ड एक्सरे मशीन और स्थाई एक्सरे मशीन द्वारा विजयराघवगढ़, कटनी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा विकासखंडों में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। साथ ही जिले में मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर में भी लगातार कमी आ रही है। प्रभारी मंत्री ने मरीजों और आम नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए पार्किंग, सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं।

# वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट, संविदा स्वास्थ्य कर्मी परेशान

**ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दशरमन ग्राम पंचायत के ग्रामीण परेशान**




**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील क्षेत्र में कार्यरत मैदानी संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। लगातार फील्ड में काम करने के बावजूद भुगतान न होने से अब कर्मियों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। रीठी तहसील मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि वे तपती धूप हो या बारिश, हर परिस्थिति में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद बीते दो महीनों से वेतन नहीं मिलने से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। हम लगातार फील्ड में काम कर रहे हैं, लेकिन दो महीने से वेतन नहीं मिला। घर चलाना मुश्किल हो गया है। राशन और जरूरी खर्चों के लिए उधार लेना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि समय पर वेतन नहीं मिलने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। सरकार और विभाग से हमारी मांग है कि जल्द से जल्द लंबित वेतन जारी किया जाए ताकि हम आर्थिक परेशानी से बाहर निकल सकें। स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे ये संविदा कर्मी अब खुद आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर लगातार सेवा देने वाले इन कर्मचारियों का वेतन समय पर कब तक जारी होगा।

परिसीमन | मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक में दी गई जानकारी, किया जाएगा प्रशासनिक पुनर्गठन

# जनसंख्या, औद्योगिक क्षेत्र और भौगोलिक दूरी ही परिसीमन का अनिवार्य आधार




**नवभारत, कटनी।** प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। बैठक में आयोग के अध्यक्ष एसएन मिश्रा ने कहा कि प्रशासनिक पुनर्गठन का उद्देश्य जनोन्मुखी सुलभ प्रशासन हो। जिले की नई तहसील या ग्राम पंचायत बनाते समय उसकी सीमा में जिले में शामिल करने से पहले उस स्थान की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, अधोसंरचना ढाचा, मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना है। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन के पहले जनप्रतिनिधियों और आमजन से चर्चा कर उनकी राय लेकर आपस में समन्वय स्थापित करके राजस्व सीमाओं के पुनर्गठन का प्रस्ताव कलेक्टर को प्रेषित करें। कलेक्टर प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करके अपने सुझाव और निर्णय की जानकारी आयोग को देंगे। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन के पूर्व जनप्रतिनिधियों और सभी अधिकारियों से अलग- अलग चर्चा की जाए। चर्चा के दौरान बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद और तहसील की सीमाओं के परिसीमन को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवीन प्रशासनिक इकाई के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत बनाए गए हैं। नए परिसीमन में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि जनसंख्या का संतुलन हो। परिसीमन में जनसंख्या, औद्योगिक क्षेत्र और भौगोलिक दूरी का अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही प्रस्तावित इकाईयों को सुविधा की दृष्टि से पुनर्गठन के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रश्नावली को पब्लिक डोमेन में लाकर उसके जबाव तैयार कर सुझाव लिए जाएंगे। जिसकी समीक्षा राजस्व स्तर पर की जाएगी। भौगोलिक में बताना पडेगा कि तहसील ओर गांव किस जिले के करीब है। नए प्रशासनिक इकाई गठन में यह सभी बातें शामिल की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष ने कार्यक्षेत्र के संबंध में बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी, सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान संरचना, युक्तियुक्तकरण, नवीन प्रशासनिक इकाईयों के गठन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतो सहित जिलों का भ्रमण कर सुझाव प्राप्त करना और इकाईयों की दक्षता बढ़ाने के लिए अनुशंसा करना है। बैठक में बताया गया कि आयोग के पोर्टल के माध्यम से प्रशासकीय इकाइयों के पुनर्गठन के लिए सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से प्राप्त सुझावों पर कलेक्टर विचार कर अपनी अनुशंसा सहित आयोग को भेजेंगे।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024